मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1061

10.02.2025 को उत्तर के लिए

बंदरों का आतंक

1061. श्री कौशलेन्द्र कुमारः

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में यहां तक कि नई दिल्ली जैसे अति विशिष्ट क्षेत्रों में भी बंदरों के आतंक ने लोगों विशेषकर वृद्धों और बच्चों की आवाजाही को कठिन बना दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार द्वारा उन्हें पकड़ने अथवा उनकी बढ़ती संख्या को रोकने के लिए अभी तक कोई वैज्ञानिक उपाय किए गए हैं ?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ग) देश के विभिन्न भागों से बंदरों के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष की खबरें आती रही हैं। वन्यजीवों का प्रबंधन मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की जिम्मेदारी है जिसमें मानव-वन्यजीव संघर्षों को नियंत्रित करना भी शामिल है। बंदरों द्वारा हमलों की घटनाओं का ब्यौरा मंत्रालय के स्तर पर एकत्र नहीं किया जाता है।

वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 से संलग्न अनुसूचियों में सूचीबद्ध बंदरों सहित वन्य जीवों की आबादी का वैज्ञानिक प्रबंधन इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा किया जाता है।

*****